# ध्येय पथ
## फरवरी–2019

### विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी




1–2 फरवरी को महाविद्यालय मे विज्ञान संकाय 'विज्ञान में नवीन प्रवृत्तियाँ' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन 1 फरवरी को हुआ, जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति प्रो. श्रीनिवास सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के पूर्व सलाहकार डॉ. ए. निनावे उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्राणि विज्ञान विभाग के पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष प्रो. डी.के. सिंह द्वारा संगोष्ठी का बीज वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के रसायनशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. हरिजी सिंह, बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ओ. पी. पाण्डेय, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के भैतिकी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सुग्रीव नाथ तिवारी तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. शीला मिश्रा उपस्थित रहे। संगोष्टी में महाविद्यालय के अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति प्रो. यू. पी. सिंह की गरिमामयी उपस्थिति बनी रही। उन्होंने सभी अतिथियों






के प्रति आभार ज्ञापित किया। संगोष्ठी का संचालन राष्ट्रीय संगोष्ठी की समन्वयक दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर

विश्वविद्यालय, गोरखपुर वनस्पति विज्ञान के असिस्टेण्ट प्रोफेसर डॉ. के. सुनीता ने किया।




उद्घाटन सत्र के पश्चात दो दिनों में सम्पन्न हुए चार समानान्तर अकादमिक सत्रों में कुल 98 शोध पत्रों पर शोधार्थियों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा विचार विमर्श किया गया। अकादमिक सत्रों में प्रो. वी. एन. पाण्डेय, प्रो. अजय सिंह, प्रो. दिनेश यादव, प्रो. विनय कुमार सिंह, डॉ. केशव सिंह, डॉ. सिन्टू कुमार इत्यादि विद्वानों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। दो दिनों तक चलने वाली इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में दो विशेष व्याख्यान भी आयोजित किये गये। मुख्य वक्ता प्रो. राणा प्रताप सिंह का विशेष व्याख्यान सम्पन्न हुआ।

02 फरवरी को संगोष्ठी के समापन अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के मा. कुलपति प्रो. वी. के. सिंह का सानिध्य प्राप्त हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इन्स्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर मेडीसिन एण्ड एलाईड साइंसेज (डी.आर.डी.ओ.), नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनन्त नारायण भट्ट तथा मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बी.एच.यू., वाराणसी के डॉ. बी. रामानाथन का व्याख्यान हुआ। समापन समारोह का संचालन दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के असिस्टेण्ट प्रोफेसर डॉ. गीता सिंह ने किया। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय संगोष्ठी की स्मारिका एवं शोध संक्षिप्तिका का भी विमोचन किया गया।




## तृतीय एकदिवसीय शिविर

05 फरवरी को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत संचालित गुरू श्री गोरक्षनाथ एवं हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप इकाई का तृतीय एक दिवसीय शिविर सम्पन्न हुआ। दोनों इकाइयों के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय से अभिगृहीत ग्राम मंझरिया तक मार्ग की साफ–सफाई की। श्रमदान कार्यक्रम के उपरान्त अभिगृहीत ग्राम मंझरिया में जन जागरण रैली के माध्यम से मतदान जागरूकता अभियान का संचालन किया गया।



## सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

05 फरवरी को योगिराज बाबा गम्भीरनाथ निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई एवं पेंटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की गई।

## समावर्तन संस्कार समारोह 2019




10 फरवरी को महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का समावर्तन संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ। यह महाविद्यालय का बारहवाँ समावर्तन संस्कार समारोह था जिसमें मुख्य अतिथि **केन्द्रीय** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार, माननीय श्री जे. पी. नड्डा ने विद्यार्थियो को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता, उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने किया तथा विशिष्ट अतिथि, पूर्व कुलपति प्रो. यू.पी. सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये।

समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने प्रस्ताविकी रखी। समारोह में अभिभावक संघ के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार यादव एवं पुरातन छात्र परिषद के सदस्य श्री दीपेन्द्र प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।




समारोह में महाविद्यालय के **प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष पूर्व कुलपति प्रो. यू.पी. सिंह** ने छात्र–छात्राओं को दीक्षान्त उपदेश के साथ–साथ शुचिता एवं इमानदारी से जीवन निर्वाह, पारिवारिक उत्तरदायित्वों की पूर्ति, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद तथा भारतीय संस्कृति के प्रति निष्ठावान बने रहने तथा भारतीय जीवन मूल्यों के सम्मान एवं संवर्धन करने का संकल्प दिलाया। सरस्वती वन्दना से समारोह का एवं शुभारम्भ समारोह का समापन राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के साथ हुआ। महाविद्यालय की छात्राएं वर्षा जायसवाल, रितिमा पासवान, नीलम दूबे, मनीषा वर्मा तथा निशा त्रिपाठी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।समारोह में प्रो0 विनोद सिंह, प्रो0 राजवन्त राव, प्रो0 सुधाकर लाल श्रीवास्तव, डॉ. के. सुनीता,प्रो0 राजेन्द्र भारती, श्री प्रमथनाथ मिश्रा, श्री धर्मेन्द्रनाथ वर्मा, प्रो0 शैलजा सिंह, श्री शिवजी सिंह, श्रीमती अंजू चौधरी, डॉ0 एस0 पी0 सिंह, डॉ0 वेदप्रकाश पाण्डेय, श्री हरिप्रकाश मिश्रा, श्री विष्णुकान्त शुक्ला, डॉ0 बी0एन0सिंह, श्री महेन्द्र सिंह, निर्भय नारायण सिंह, श्री डी0एन0सिंह, सत्यप्रकाश सिंह मुन्ना, अनिल सिंह, डॉ0 उग्रसेन सिंह, डॉ0 शैलेन्द्र उपाध्याय, आर0एन0 गुप्ता, डॉ0 नीरज सिंह, श्री मनोज चन्द साहित्य अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।राष्ट्रसंत महन्त अवेद्यनाथ निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा उत्तीर्ण करने वाले 39 प्रशिक्षितों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। योगिराज बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई एवं पेटिंग केन्द्र से इस सत्र में प्रशिक्षिण प्राप्त करने वाली महिलाओ एवं छात्राओ ं को प्रमाण प्रदान किया गया।



महाविद्यालय में वर्ष भर की गतिविधियों के आधार पर श्रेष्ठतम शिक्षक श्री श्रीकांत मणि त्रिपाठी को सरस्वती सम्मान और कर्मचारी वर्ग में श्री विजय कुमार मिश्रा को महाराणा प्रताप सम्मान एवं श्री विश्वनाथ को महायोगी गुरू गोरक्षनाथ सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो0 सुधाकर लाल श्रीवास्तव की पुस्तक ''राणा कालीन नेपाल'' तथा डॉ0 आरती सिंह की पुस्तक ''आधुनिकता से उत्तर आधुनिकता'' तथा महाराणा प्रताप पी. जी. कॉलेज, जंगल धूसड़ द्वारा प्रकाशित ''लोक भाषा संवर्धन में नाथ पंथ की भूमिका'' और समावर्तन का लोकार्पण मुख्य अतिथि श्री जे. पी. नड्डा एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया।



## बी.एड्. विभाग द्वारा पाँच दिवसीय बी.एड्. स्काउट–गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर

### शिविर का उद्घाटन

12 फरवरी को बी.एड्. स्काउट–गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़ के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्काउट–गाइड के कार्यक्रम अधिकारी श्री सूरज चन्द मौर्य के नेतृत्त्व में प्रार्थना एवं स्काउट–गाइड कुल गीत गाया गया। स्काउट–गाइड के कार्यक्रम अधिकारी श्री सूरज चन्द मौर्या द्वारा स्काउट की महत्ता के बारे में बताया।



### शिविर का दूसरा दिन

13 फरवरी को बी. एड्. स्काउट–गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन स्काउट–गाइड प्रशिक्षक सूरज चन्द मौर्य और अंकित कुमार गौड़ ने सर्वप्रथम छात्राध्यापक– छात्राध्यापिकाओं को 10 टोलियों में बाँटकर ड्रिल की पूरी जानकारी कराया तत्पश्चात् वेडेन पावेल के छः व्यायाम से परिचय कराया तथा ध्वज बाँधने का प्रशिक्षण एवं ध्वज शिष्टाचार की पूरी जानकारी दी टोली नं. 2 के छात्राध्यापकों ने ध्वज शिष्टाचार का कार्य सम्पन्न किया। कक्षा में छात्राध्यापक–छात्राध्यापिकाओं को स्काउट–गाइड का प्रतीक चिन्ह सैल्यूट, बायाँ हाथ मिलाना, झण्डे की बनावट, टोली का ज्ञान, रस्सियों की जानकारी स्काउटिंग के खेल एवं कैम्प फायर की जानकारी दी गयी। डॉ. विद्यावती गुप्ता एसोसिएट प्रो. मनोविज्ञान विभाग सेंट एण्ड्रयुज कॉलेज की रेंजर लीडर ने इस शिविर का निरीक्षण किया। प्रशिक्षक श्री सूरज चन्द मौर्य ने स्काउट–गाइड शिविर की गतिविधियों से परिचित कराया। बी एड्. विभागाध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह उत्तरीय प्रदान कर ने स्वागत किया एवं रोवर्स रेंजर्स प्रभारी श्री नवनीत कुमार सिंह ने आभार ज्ञापन किया।



## शिविर का तीसरा दिन



14.02.2019 को बी. एड्. स्काउट–गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन स्काउट–गाइड प्रशिक्षक सूरज चन्द मौर्य और अंकित कुमार गौड़ ने सर्वप्रथम छात्राध्यापक–छात्राध्यापिकाओं को व्यायाम, ड्रील, ध्वज शिष्टाचार कराया तदोपरान्त कक्षा में स्काउटिंग का इतिहास रस्सी द्वारा गाँठ बंधन, प्राथमिक सहायता की जानकारी, खेल और कैम्प फायर व स्काउट गाइडिंग प्रगतिशील प्रशिक्षण आदि के बारे में जानकारी दी गयी।

## शिविर का चौथा दिन

15.02.2019 को बी. एड्. स्काउट–गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन स्काउट–गाइड प्रशिक्षक सूरज चन्द मौर्य एवं अंकित कुमार गौड़ ने सर्वप्रथम व्यायाम ज्योति विश्वकर्मा ने सुविचार बोला झण्डा रोहण कराया गया उसके उपरान्त प्रार्थना, झण्डा गीत छात्राध्यापक–छात्राध्यापिकाओं द्वारा किया गया। तदोपरांत प्रशिक्षक अंकित कुमार मौर्य ने ड्रील, ध्वज शिष्टाचार के साथ–साथ दीक्षा संस्कार के बारे में बताया, कक्षा में प्राथमिक सहायता की जानकारी स्टेचर बनाने की जानकारी बिना बर्तन के भोजन बनाने की जानकारी दी गयी, शिविर जीवन के बारे में बताया गया। अन्त में स्काउटिंग के खेल कैम्प फॉयर एवं सभी प्रतिभागियों का दीक्षा संस्कार कराकर ध्वज अवतरण किया गया।



## शिविर का पाँचवा दिन

16.02.2019 को बी. एड्. स्काउट–गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर के पाँचवे दिन सर्वप्रथम छात्राध्यापक–छात्राध्यापिकाओं ने प्रशिक्षक श्री सूरज चन्द मौर्य के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर में कैम्प लगाया और भोजन बनाया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार सिंह जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट–गाइड ने अपना उद्‌बोधन दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अविनाश प्रताप सिंह विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र विभाग महाराणा प्रताप पी. जी. कॉलेज जंगल–धूसड़ ने किया। छात्राध्यापक–छात्राध्यापिकाओं ने सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, पर्यावरण शिक्षा, स्वच्छता पर लघु नाटक प्रस्तुत किया प्रतिभागियों की तरफ से छात्राध्यापक राजेश विश्वकर्मा ने पाँच दिन की शिविर आख्या प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार (जिला मुख्य आयुक्त) का स्वागत उत्तरीय एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक श्री सूरज चन्द्र मौर्य ने किया आभार ज्ञापन रोवर्स रेंजर प्रभारी श्री नवनीत कुमार सिंह ने किया।

